कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा

(विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अंतर्गत)

निःशुल्क प्रकाशनार्थ **प्रेस–विज्ञप्ति** **निःशुल्क प्रकाशनार्थ**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा व्दारा तहसील स्तर पर शासकीय योजनाओ एवं प्राधिकरण की योजनाओं को जनमानस तक पहुॅचाने हेतु पराविधिक स्वंय सेवक **(मुख्यालय एवं तहसील स्तर)** के **20 पदों** पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। पी0एल0वी0 के पदों पर आवेदन– पत्र **दिनांक 23–05–2024 की सायं** तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ए0डी0आर0 भवन, दीवानी न्यायालय परिसर–बांदा में जमा किये जा सकते हैं। पराविधिक स्वंय सेवक की नियुक्ति एक वर्ष के कार्यकाल के लिए होगी। पराविधिक स्वंय सेवक को कोई भी वेतन देय नहीं है। केवल समय–समय पर निर्धारित मानदेय प्रदान किया जाएगा।

अतः पराविधिक स्वंय सेवकगण (पी0एल0वी0) की नियुक्ति के लिए पराविधिक स्वयं सेवक योजना–2009 व 2011 के अंतर्गत पराविधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु निम्नलिखित मानक दिये गये हैं। अतः उक्त स्कीम को ध्यान में रखते हुये पराविधिक स्वयं सेवक का चयन किये जाने हेतु निम्नलिखित व्यक्तियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

जैसेः–

1.शिक्षक (सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मिलित)
2.सेवानिवृत राज्य/केन्द्रीय कर्मचारी व वरिष्ठ नागरिक
3.एम0एस0डब्लू0 छात्र व शिक्षक
4.डॉक्टर/फिजीसियन
5.छात्र एवं विधि छात्र (जब तक उनका पंजीकरण अधिवक्ता के रूप में न हुआ हो)
6.एनजीओ की महिला सदस्य/मैत्री संगठन एवं स्वयंसेवी समिति के सदस्य
7.ऐसे सदस्य जिसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समिति उपयुक्त समझें
8.ऐसा व्यक्ति जो राजनीतिक संगठन से न जुड़ा हो।
9.विशेष प्रतिभावन खिलाडी
10.विशिष्ट कलाकार
11.विलक्षण एवं प्रतिभाशाली व्यक्ति, जिसने किसी भी क्षेत्र में उल्लेखनीय कौशल का प्रदर्शन किया हो।
12.किन्नर।

आवेदक निर्धारित प्रारूप के साथ अपने कार्यानुभवों के बावत अभिलेखों की छायाप्रति भी दाखिल करें। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा के मुख्यालय कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं।

दिनांक : 08 मई, 2024

8/5/2024
(श्रीपाल सिंह)
अपर जिला जज/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जनपद न्यायालय–बांदा

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति का प्रकाशन जनहित में निः शुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

1.श्रीमान उपनिदेशक, सूचना बांदा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति का प्रकाशन जनहित में सभी दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करे।
2. संपादक/प्रतिनिधि, अमर उजाला, बांदा।
3. संपादक/प्रतिनिधि, दैनिक जागरण, बांदा।
4. संपादक/प्रतिनिधि, हिन्दुस्तान, बांदा।
5. संपादक/प्रतिनिधि, दैनिक आज, बांदा।
6. संपादक/प्रतिनिधि, अमर भारती, बांदा।
7. संपादक/प्रतिनिधि, दैनिक भास्कर, बांदा।

8/5/2024
(श्रीपाल सिंह)
अपर जिला जज/प्रभारी सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जनपद न्यायालय–बांदा

क्रमांक :

आवेदन प्रारुप

पराविधिक स्वंय सेवक के लिये आवेदन–पत्र

स्वः प्रमाणित नवीनतम फोटो

1–नाम–(हिन्दी में) ....

(अंग्रेजी में) ....

2–पिता/पति का नाम– ....

3–जन्मतिथि– .... (शब्दों में ....)

4–स्थायी निवास का पता–..
....

5–पत्राचार का पता– ....
....

6–जाति (प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें)– ....
7–फोन/मोबाइल नम्बर– ....
8–ई–मेल आई0डी0– ....
9–शैक्षिक योग्यता– ....
10–समाज सेवा के क्षेत्र में किया गया कार्य (यदि कोई हो)– ....
11–प्राप्त पुरस्कार/प्रमाण पत्र का विवरण (यदि कोई हो)– ....
12–क्या आप सेवारत है, यदि हॉ तो किस विभाग में– ....
13–क्या आप सेवानिवृत्त शिक्षक/कर्मचारी है– ....
14–क्या किसी आय का अर्जन कर रहे हैं, यदि हॉ तो आय की धनराशि (प्रति माह)
15–क्या आप किसी एन0जी0ओ0/गैर सरकारी संस्था से जुड़े हुये हैं, यदि हॉ तो संस्था का नाम तथा कब से जुड़े हुये है–..
16–आप किस स्थान पर कार्य करना चाहते हैं (किसी एक स्थान पर सही का निशान लगाये)

मुख्यालय ☐	तहसील–बांदा ☐	तहसील–नरैनी ☐
तहसील–बबेरु ☐	तहसील–अतर्रा ☐	तहसील–पैलानी ☐

दिनांक :
स्थान–

आवेदक का हस्ताक्षर

नोट : पराविधिक स्वंय सेवक के रूप में कार्य के लिये कोई वेतन और भत्ता देय नहीं होगा। इस कार्य के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा व्दारा समय–समय पर निर्धारित मानदेय ही देय होगा।